# प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 12.09.2023

**प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 12.09.2023**

**हत्या के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल पत्थर बरामद (थाना संग्रामगढ़ )**

दिनांक 09.09.2023 को रात्रि में थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के ग्राम बंधवा, विजईमऊ में आटा चक्की पर सो रहे एक व्यक्ति के सिर पर पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गयी थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना संग्रामगढ़ में मु0अ0सं0 204/2023 धारा 147, 302, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गये थे, इसी क्रम में आज दिनांक 12.09.2023 को थाना संग्रामगढ़ के प्रभारी निरीक्षक श्री इन्द्रदेव मय हमराह उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार व उ0नि0 श्री अमित सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित,वारण्टी अभियुक्त/ विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त अखिलेश कुमार पटेल पुत्र स्व0 राजबहादुर पटेल नि0ग्राम बंधवा विजईमऊ थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र संग्रामगढ़ के गोदाई चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर घटनास्थल के पास धान के खेत से बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त अखिलेश कुमार पटेल उपरोक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि जमीन बंटवारे / पुरानी रंजिश/ पूर्व में पंजीकृत मुकदमें बाजी को लेकर अपने साथियों के साथ मिलकर आटा चक्की पर सो रहे व्यक्ति के सिर में पत्थर मारकर हत्या कर दिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अखिलेश कुमार पटेल पुत्र स्व0 राजबहादुर पटेल नि0ग्राम बंधवा विजईमऊ थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ ।

**पुलिस टीमः-** प्रभारी निरीक्षक श्री इन्द्रदेव मय हमराह उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार व उ0नि0 श्री अमित सिंह थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़।